तापमान
अधिकतम 33 .3 डिग्री से.
न्यूनतम 15 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

12 महाराजा अग्रसेन का एक रुपया, एक ईंट' ..



12 आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स के लिए 60.16 ..



खबर संक्षेप

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

यमुनानगर। अंबाला-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर गांधी नगर के अंडरपास के पास सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। गांधीनगर की शिव कालोनी निवासी शिव बली(65) सोमवार सुबह किसी काम से जा रहा था। इस दौरान गांधी नगर के अंडरपास के नजदीक जैसे ही वह रेलवे लाइन पार करने लगा तो अचानक वहां से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जीआरपी शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

वन क्षेत्र से काट लिए चोरी से खैर के पेड़

यमुनानगर। इस्माइलपुर गांव के पास वन क्षेत्र से चोर खैर के 23 पेड़ काटकर 50 हजार रुपये की लकड़ी चोरी कर ले गए। वन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, खदरी गांव में घर से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और महिला की पायल चोरी हो गई। वन राजिक अधिकारी राजीव कुमार के अनुसार, चोरों ने चेन आरी से पेड़ काटे और 10 पेड़ों की लकड़ी ले गए। पुलिस ने वन अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में मनावर की शिकायत पर भी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जहर देकर मारने के आरोप में 6 ससुरालियों पर केस

शहजादपुर। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और जान से मारने की नीयत से जहर देने के आरोप में पति, जेठ, सास, ससुर और ननद समेत छह ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई।पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 25 मार्च को अंबाला छावनी स्थित आर्य समाज वैदिक मंदिर में साहिल कुमार से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल में उससे घर और पशुओं का काम कराया जाता था तथा कम दहेज लाने के ताने दिए जाते थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक रात ससुरालियों ने उसके मुंह में जहरीली दवा डाल दी। तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। जांच अधिकारी नवजीत कौर ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

पानीपतः युवती पर चाकू से जानलेवा हमला

पानीपत। पानीपत में युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण, जातिसूचक टिप्पणियों और मारपीट के आरोपों के बाद युवती पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में थाना मॉडल टाउन पुलिस ने राहुल निवासी गांव गांगोली, जिला जींद व इसकी मां बबीता, चाची संतोष, भाई मोहित व अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि राहुल ने 14 सितंबर को उस पर हमला कर घायल किया था। वहीं बीच-बचाव करने आया एक युवक भी घायल हो गया। पीड़िता का पीजीआई रोहतक में उपचार चला। स्वस्थ्य होने पर पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी है।

बोलेरो की टक्कर से ग्रंथी की मौत

पानीपत। पानीपत में टोल प्लाजा के पास बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार परमजीत सिंह निवासी गांव फरीदपुर की मौत हो गई। 49 वर्षीय सिंह गांव फरीदपुर के गुरूद्वारे में ग्रंथी थे। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परमजीत का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने पंजाब नंबर की बोलेरो के अज्ञात चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहड़ी पंचायत पर चहेते को छोड़ने व चुनिंदा ग्रामीणों पर केस का आरोप

पंचायती जमीन पर कब्जे को लेकर भेदभाव का आरोप, ग्रामीण भड़के

- ग्रामीणों ने पूरे गांव की निशानदेही करवाकर सभी अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई की मांग की
- रंजिशन कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने की जमकर नारेबाजी
- सरपंच बोले-गली की निशानदेही में 5 से 6 लोगों के कब्जे मिले, नियमानुसार की कार्रवाई



यमुनानगर। गांव मोहड़ी में पंचायत के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्राम पंचायत मोहडी द्वारा कुछ लोगों पर पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने को लेकर अदालत में मामला दायर करने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत पर भेदभाव बरतने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए कुछ ही लोगों पर अदालत में मामला दायर किया गया है। जबकि मामला दायर करते समय ग्राम पंचायत ने अपने चहेते कुछ लोगों को छोड़ दिया गया। जो निंदनीय है।

मोहडी निवासी इकराम खान, इमरान खान, यशपाल कांबोज, रामकुमार, ईनाम व यामीन आदि ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में बहुत से लोगों ने पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा एसडीएम कोर्ट में केवल उन्हीं के खिलाफ मामला दायर किया गया। जबकि गांव में काफी लोगों ने पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत ने केवल उन पर कार्रवाई की है और अपने चहेते लोगों को छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ने रंजिशन कार्रवाई की है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले को लेकर वह प्रशासन के उच्चाधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर पूरे गांव की निशानदेही करवाकर सभी अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

नियमानुसार की गई कार्रवाई

कुछ लोगों द्वारा पंचायत पर भेदभावपूर्ण नीति अपनाने के आरोप लगाया जाना सरासर गलत है। पंचायत ने गांव में गली बनाने के लिए निशानदेही करवाई थी। इस दौरान 5 से 6 लोगों द्वारा गली में पंचायत की भूमि पर कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई। नियमानुसार कब्जा छुडवाने के लिए कोर्ट में मामला ले जाया गया है। यदि गांव में दूसरे लोगों पर भी अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि हुई तो उन पर भी पंचायत इसी प्रकार कार्रवाई करेगी।
-सतीश शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत मोहड़ी

करनाल: बिजली लाइनों के मुआवजे के लिए सचिवालय पहुंचे किसान

2024 से 2026 तक जारी मुआवजा नीति के आदेश लागू नहीं करने का आरोप



करनाल। हाइटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर जिला सचिवालय पहुंचे किसान।

- किसानों ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और सीएम नायब सैनी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

खेतों में बिजली की हाइटेंशन लाइनें बिछाने और बिजली के खंभे लगाने से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान जिला सचिवालय पहुंचे। किसानों ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार की ओर से वर्ष 2024, 2025 और 2026 में मुआवजा नीति को लेकर जारी आदेशों की करनाल प्रशासन की ओर से पालना नहीं की जा रही है। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हस्तक्षेप कर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। भारतीय कामगार राष्ट्रीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र ने कहा कि हाईटेंशन बिजली लाइनों और खेतों में लगाए जा रहे खंभों के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों के मुआवजे से जुड़े अधिकारों की अनदेखी हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जारी मुआवजा संबंधी आदेशों को लागू कर किसानों को उनका हक दिया जाना चाहिए। किसानों ने कहा कि कृषि भूमि में बिजली के खंभे लगाने और हाईटेंशन लाइनें गुजरने से खेती के कामकाज तथा भूमि के उपयोग पर असर पड़ता है। ऐसे में प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो किसान आगे कोई बड़ा निर्णय लेने के लिए मजबूर होंगे।

इस अवसर पर जिला प्रधान ईशम सिंह, सुभाष चंद, राजबीर, साहब सिंह, मांगा सिंह, नवीन त्यागी, जगतार सिंह और बलबीर सिंह सहित अन्य लोगों ने किसानों को संबोधित किया।

करनाल में हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सितंबर 2021 में खेत में मिला था कारसा डोड निवासी राजेश कुमार का शव

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश शर्मा की अदालत ने हत्या और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत 30 हजार रुपये और एससी-एसटी अधिनियम की धारा 3(2)(5) के तहत 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोनों मामलों में तीन-तीन महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन पक्ष की पैरवी उप जिला न्यायवादी सचिन कुमार ने की।सचिन कुमार के अनुसार, 25 सितंबर 2021 को निगदू थाना क्षेत्र में कारसा डोड निवासी नरेश कुमार पुत्र रिसाला राम की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। नरेश का भाई राजेश कुमार 24 सितंबर की शाम घर से गया था। अगले दिन सुबह उसका शव गांव कारसा डोड के एक खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। इसके बाद पुलिस ने हत्या और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

दुष्कर्मी को 10 साल की कैद

पानीपत। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने नाबालिग को विवाह का झांसा देकर बहला-फुसलाकर साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी साहिल पुत्र राम सिंह निवासी ईदगाह कालोनी, हाल निवासी कुटानी रोड, पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज शर्मा ने साहिल पर 55 हजार रुपये का जुर्माना किया है। जुर्माना नहीं देने पर साहिल को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पीड़ित लड़की की मां की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने 11 अक्टूबर सन 2022 को साहिल पर केस दर्ज किया था। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अदालत ने साहिल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

फैक्ट्री से चादर के रोल चोरी करने के आरोप में तीन पकड़े



करनाल। घरौंडा पुलिस ने बरसत स्थित शुभ होम फर्निशिंग फैक्ट्री से चादर के रोल चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले दो आरोपियों मंजीत सिंह रामपाल और निगम को पकड़ा था। पूछताछ के आधार पर तीसरे आरोपी संजय को भी गिरफ्तार किया गया। फैक्ट्री मालिक ईसविंद्र सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया था कि कर्मचारियों ने मिलीभगत कर ऑर्डर से अधिक चादर के रोल वाहन में लोड किए और रास्ते में दूसरे वाहन में स्थानांतरित कर बेच दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पहले गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। अब पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

कनाडा का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर 4.60 लाख की ठगी

अंबाला। कनाडा का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर गुरुनानक पुरा काजीवाड़ा निवासी रिंपी देवी से 4.60 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर अंबाला सिटी थाना पुलिस ने आरोपी एजेंट सचिन खोसला और श्रीनिवास के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, दिसंबर 2025 में सोशल मीडिया के जरिए महिला की सचिन से बातचीत हुई थी। आरोपी ने वर्क वीजा दिलाने का भरोसा देकर अलग-अलग किस्तों में रकम ली और पासपोर्ट व दस्तावेज भी ले लिए। महिला ने आरोप लगाया कि बायोमेट्रिक प्रक्रिया और कंपनी का ऑफर लेटर मिलने के बावजूद उसे वीजा संबंधी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। बाद में एजेंट ने फोन उठाना बंद कर दिया और उसे ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री से मिलीं ओलंपियन नवनीत कौर



शाहबाद। भारतीय महिला हॉकी टीम की ओलंपियन और शाहाबाद की बेटी नवनीत कौर ने चेयरमैन सुभाष कलसाना के साथ चंडीगढ़ में सीएम नायब सैनी से मुलाकात की। सीएम ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने पर नवनीत को बधाई दी और भविष्य में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का आशीर्वाद दिया। नवनीत के पिता बूटा सिंह, माता बलविंदर कौर और भाई युवराज सिंह को भी बधाई दी। सीएम ने कहा कि प्रदेश की बेटियां मेहनत और प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। नवनीत ने सीएम से एशियन गेम्स में टीम के सफर, रणनीति और फाइनल तक के अनुभव साझा किए।

मोहड़ा में डंपर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अंबाला। मोहड़ा में सड़क निर्माण कार्य के दौरान डंपर की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के रहने वाले 38 वर्षीय मजदूर अजीत कुमार की मौत हो गई। हादसा 11 अक्टूबर की सुबह करीब 9:05 बजे हुआ। पुलिस ने डंपर चालक बलिराम के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मृतक के चचेरे भाई नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अजीत के साथ मोहड़ा के पास एक निजी कंपनी के तहत सड़क निर्माण का काम कर रहा था। सुबह निर्माण स्थल पर डंपरों से मिट्टी उठाने का काम चल रहा था। इस दौरान डंपर चालक बलिराम वाहन को पीछे लेकर आया और अजीत उसकी चपेट में आ गया। डंपर के नीचे आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे अंबाला कैंट के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अजीत करीब तीन महीने पहले मजदूरी करने के लिए अंबाला आया था। परिवार के अनुसार, वह चार बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। चार बहनों में से तीन की शादी हो चुकी है, जबकि उसका छोटा भाई गांव में रहकर पढ़ाई कर रहा है। अजीत अविवाहित था और परिवार में कमाने वाला अकेला सदस्य था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। नरेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली शादी छिपाकर विवाह करने पर पति समेत 4 पर केस

अंबाला। अंबाला शहर की एक महिला ने पति पर पहली शादी और तलाक की जानकारी छिपाकर विवाह करने, पैसों की मांग करने और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने के आरोप लगाए हैं। महिला की शिकायत पर अंबाला शहर थाना पुलिस ने पति, सास, देवर और बुआ के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, महिला की मुलाकात पति से मैट्रिमोनियल वेबसाइट जीवनसाथी के जरिए हुई थी। पति ने खुद को अविवाहित बताया, जबकि उसका जुलाई 2023 में तलाक हो चुका था। महिला ने 27 सितंबर 2023 को उससे शादी की। शिकायतकर्ता का कहना है कि शादी के करीब आठ दिन बाद ही पति ने उससे पैसे मांगने शुरू कर दिए। अप्रैल से जुलाई 2024 के बीच कई बार 21 हजार और 51 हजार रुपये लेने का भी आरोप लगाया गया है।महिला ने आरोप लगाया कि ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान घर का खर्च उसने उठाया और गर्भावस्था में डॉक्टर की फीस, जांच व अल्ट्रासाउंड का खर्च भी खुद दिया। पति और सास पर गर्भस्थ शिशु के लिंग की जांच कराने का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया गया है। 4 जून 2025 को भारत लौटते समय गर्भावस्था के आठवें महीने में पति उसे एयरपोर्ट पर अकेला छोड़कर चला गया। बेटी के जन्म और इलाज का खर्च मायके वालों ने उठाया। महिला ने ससुराल में अपमानित करने, मारपीट और धमकी देने के आरोप भी लगाए हैं।

केयू में युवा शक्ति, सोशल मीडिया और आध्यात्मिक अनुशासन विषय पर व्याख्यान

युवाओं को डिजिटल तकनीक का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए

सूचनाएं साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचना जरूरी : कुलगुरु



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज के युवा को डिजिटल तकनीक का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करना चाहिए क्योंकि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा, रचनात्मकता और तकनीकी क्षमता सशक्त एवं विकसित राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है, जबकि इसका अनियंत्रित और नकारात्मक उपयोग मानसिक एकाग्रता, समय प्रबंधन और सामाजिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को केयू डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर अध्ययन केंद्र, बीएपीएस स्वामीनारायण शोध संस्थान, स्वामीनारायण अक्षरधाम (नई दिल्ली) तथा दिव्य कुरुक्षेत्र मिशन, कुरुक्षेत्र के सहयोग से केयू सीनेट हॉल में युवा शक्ति, सोशल मीडिया और आध्यात्मिक अनुशासनः चुनौतियां, समाधान और राष्ट्र में भूमिका विषय पर आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डिजिटल माध्यमों पर उपलब्ध सूचनाओं की अधिकता के बीच सही और गलत जानकारी की पहचान करना आज एक बड़ी चुनौती बन गया है इसलिए किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना आवश्यक है। डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. धर्मबीर, डॉ. रामेन्द्र, डॉ. दिविज गुगनानी, डॉ. महाबीर रंगा, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. बीएस बोदला, डॉ. सुनील भारती, महेंद्र पाल, कंवरदीप, डॉ. संगीता धीर, संजय कौशिक, पंजाब से आए बालकृष्ण, विरेन्द्र वालिया, सौरभ त्रिखा, शोधार्थी कीकर सिंह सहित 200 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सोच और व्यवहार को कर रहा प्रभावित : धर्ममूर्ति स्वामी

धर्ममूर्ति स्वामी ने कहा कि सोशल मीडिया हमारी सोच, इच्छाओं और प्राथमिकताओं को प्रभावित कर रहा है। एक वीडियो देखने के चक्कर में युवा घंटों बिता देते हैं। वहीं, ज्ञानमंडल दास ने कहा कि मोबाइल की लत से बचने के लिए बच्चों में संस्कार और सत्संग जरूरी हैं।

युवा सप्ताह में एक दिन करें मीडिया फास्टिंग : प्रो. अनायतमहर्षि

वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार अनायत ने युवाओं को सप्ताह में एक दिन मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट से दूरी बनाने का सुझाव दिया। कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने सोशल मीडिया का संतुलित उपयोग की सलाह दी।

आयुष विश्वविद्यालय में जल्द लहराएगा 72 फुट ऊंचा तिरंगा



कुरुक्षेत्र। ध्वज स्थल का निरीक्षण करती विश्वविद्यालय प्रशासन और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय परिसर में जल्द ही 72 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने फ्लैग पोल से संबंधित आवश्यक सामग्री विश्वविद्यालय पहुंचा दी है। जल्द ही फाउंडेशन बनाने का कार्य शुरू होगा।

कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और फाउंडेशन की टीम ने ध्वज स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। कुलपति ने कहा कि विशाल तिरंगा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान बढ़ाएगा। वहीं, सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि फाउंडेशन देशभर में 230 से अधिक विशाल राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर चुकी है।

नवरात्र के दूसरे दिन माता के दरबार में पहुंचकर भक्तों ने चढ़या नारियल और चुनरी

श्रद्धालुओं ने की मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा, लगाए जयकारे

जिले के मां के मंदिरों में सोमवार सुबह से ही बढ़ने लगी थी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शरदीय नवरात्र के दूसरे नवरात्र पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर दूसरे स्वरूप मां ब्रह्माचारिणी की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। सोमवार को दिन भर मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। सोमवार सुबह होते ही श्रद्धालु शहर के ज्वाला माता मंदिर, प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के द्वितीय स्वरूप ब्रह्माचारिणी की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। खास बात यह रही कि जिला भर से कुछ श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी के मंदिर में पहुंचकर भी पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए कामना की।



यमुनानगर। देवी मंदिर में पूजा करने के लिए लाइनों में लगे श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सत्कर्म की प्रेरणा देती हैं मां

मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित राजेश्वर ने बताया कि मां दुर्गा की द्वितीय शक्ति का नाम ब्रह्माचारिणी इसलिए पड़ा है। क्योंकि उन्होंने ब्रह्म में लीन होकर घोर तप किया। मां का यह द्वितीय स्वरूप ज्योतिर्मयी व भव्य है। इनके दायें हाथ में जप की माला तथा बायें हाथ में कमंडल सुशोभित है। मां का यह स्वरूप अलौकिक आनंदमय है। उन्होंने बताया कि मां का यह स्वरूप हमारे जीवन में तप अर्थात कठिन परिश्रम की महता को प्रतिपादित करता है। उनके दिव्य स्वरूप का ध्यान हमारे जीवन को नैतिक व चारित्रिक बल प्रदान करता है। हमें जीवन के झंझावत में भी धैर्य, आशा व विश्वास के साथ सत्कर्म करते रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। मां ब्रह्माचारिणी का तेजोमय स्वरूप हमारे साकारात्मक दृष्टिकोण को बनाए रखता है और हमारे भीतर विवेक, ज्ञानशीलता व प्रज्ञा का जागरण करता है। इसलिए हमारे जीवन मे मां ब्रह्माचारिणी के स्वरूप की काफी महता है।



यमुनानगर। नाचरौन में आयोजित श्रीरामलीला में सीता विदाई के दृश्य मंचन।

बेटी सीता की विदाई पर भावुक हुए महाराजा जनक

- ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन की रामलीला में सीता विदाई समारोह का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन द्वारा गांव में आयोजित की जा रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में चौथे दिन माता सीता की विदाई समारोह का मंचन किया गया। इस दौरान महाराजा जनक अपनी बेटी सीता की विदाई करते समय भावूक हो उठे। इस दृष्य ने दर्शकों को भी भावूक कर दिया।

क्लब के निदेशक कोच चंद्रपाल राणा ने बताया कि श्रीरामलीला के चौथे दिन माता सीता की विदाई के दृष्य का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दृश्य में महाराजा जनक का दरबार लगा हुआ है और उसमें महाराजा दशरथ, गुरुजनों और अयोध्या से आए बारातियों के साथ बैठे हुए हैं। इस दौरान महाराजा जनक महाराजा दशरथ को कहते हैं कि उन्होंने अपनी बेटी सीता को बड़े ही लाड प्यार से पालकर बड़ा किया है। अब वह आपकी धर्मबेटी बनकर अयोध्या जा रही है। उसकी कामना है कि उसकी बेटी सीता को अयोध्या में उतना ही लाड प्यार मिले जितना उसके मायके में मिलता रहा है। इस पर महाराजा दशरथ कहते हैं कि आज से सीता उनकी धर्म की बेटी है और उसके बारे में महाराजा जनक को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। इस पर महाराजा जनक आश्वस्त हो जाते हैं। दूसरे दृश्य में महाराजा जनक महल में जाकर बेटी सीता की विदाई की रस्म को अदा करते हैं।

रादौर में 20 को धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

श्री श्याम दशहरा कमेटी रादौर द्वारा 20 अक्तबूर को रादौर में सफल पैलेस के नजदीक ग्राउंड में छठे दशहरा पर्व उत्सव का भव्य रुप से आयोजन किया जाएगा। दशहरा उत्सव में महाराजा रावण के पुतले का दहन किया एगा।

दशहरा कमेटी रादौर के प्रधान विजय आढ़ती ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री श्याम दशहरा कमेटी की ओर से रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इससे पहले शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रादौर में कमेटी की ओर से छठी बार दशहरा उत्सव में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दशहरा उत्सव कार्यक्रम के दौरान महाराजा रावण के पुतला दहन के अवसर पर आसपास के क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। मौके पर चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता, पूर्व पार्षद महेंद्रपाल टीना, समाजसेवी विनय मित्तल बिन्नी, सचिन गुप्ता, संदीप अग्रवाल, नवीन गोयल, संजय भाटिया, केशव नसीब, राजबीर सैनी, गोल्डी सैनी व श्रीराम गुप्ता आदि मौजूद रहे।



श्री श्याम दशहरा कमेटी के प्रधान विजय आढ़ती।

रादौर अनाज मंडी मार्ग पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने से बढ़ी राहगीरों व चालकों की परेशानी

रादौर। रादौर के अनाज मंडी मार्ग पर रामा नर्सिंग होम के नजदीक सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से कस्बावासी परेशान हैं। आलम यह है कि पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन कोई ना कोई वाहन चालक चोटिल होने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से क्षतिग्रस्त पुलिया को जल्द ठीक करवाए जाने की मांग की। स्थानीय निवासी गुलशन, मान सिंह, तरसेम, शीशपाल, गौरव, कुलदीप आदि ने बताया कि कस्बा के रामा नर्सिंग होम के पास मार्ग बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन कोई न कोई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। नगरपालिका द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया को ठीक करवाए जाने की बजाए पत्थर रखकर पुलिया पर बने गड्ढे को ढ़कने का काम किया जा रहा है। उनका कहना है कि पुलिया में पिछले लंबे समय से रामा नर्सिंग होम के नजदीक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। इस संबंध में जब नागरिकों ने नपा अधिकारियों को अवगत करवाया गया तो नपा कर्मचारियों ने टूटी पुलिया को पत्थर रखकर ढकने का प्रयास किया। जिस कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। वहीं बरसात होने पर उपरोक्त गड्ढा पानी से भर जाता है। जिससे वाहन चालको को गड्ढा दिखाई नहीं देता है और वाहन गड्ढे के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। उन्होंने नगरपालिका से जल्द से जल्द टूटी पुलिया के गड्ढे को ठीक किए जाने की मांग की।नगरपालिका का जेई कपिल कांबोज का कहना है कि क्षतिग्रस्त पुलिया को जल्द ठीक करवा दिया जाएगा। ताकि लोगों को समस्या का सामना ना करना पड़े।



जन स्वास्थ्य विभाग ने अधर में छोड़ा रादौर कॉलेज मार्ग की मरम्मत का काम

स्कूल व कॉलेज के बच्चों समेत क्षेत्र के नागरिक हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा रादौर के कालेज मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने के बाद शुरु किए गए रिपेयर के कार्य को अधर में छोड़ दिए जाने से स्कूल व कालेज के बच्चों समेत क्षेत्र के लोग परेशान हैं। आलम यह है कि मार्ग की हालत खस्तहाल होने से आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने लगे हैं। वहीं, बारिश में मार्ग पर कीचड़ बनने से स्कूल व कालेज में जाने वाले बच्चे परेशान हो गए हैं।



रादौर। कॉलेज के मार्ग की मरम्मत नहीं होने से लोगों को आवागमन में होती है भारी परेशानी। फोटो : हरिभूमि

रादौरवासियों ने मार्ग की रिपेयर जल्द करवाए जाने की मांग की।

कस्बा निवासी संदीप गर्ग, दिनेश आर्य, मनोज आर्य, संदीप सैनी, राजीव, सोनू, सुशील व अनिल आदि ने बताया कि कॉलेज रोड पर तीन स्कूव व एक कालेज स्थित हैं। इन स्कूलों व कालेज में रोजाना हजारों बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं।

मगर मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने के बाद जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्ग पर शुरू किया गया रिपेयर का कार्य अधर में छोड़ दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। उन्होंने विभाग व प्रशासन से सड़क रिपेयर का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाए जाने की मांग की।

जल्द करवाई जाएगी सड़क की मरम्मत

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि सड़क के रिपेयर के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जायेगा। जिससे स्थानीय लोगों व बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि विभाग को लोगों की परेशानी का पूरा अंदाजा है। जल्द ही सड़क की मरम्मत करवा दिया जाएगा।

न्यूज डायरी



शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश बेहद जरूरी

रादौर। केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शिक्षको के लिए वैल्यूज एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ दिवेश सैनी व सुमित कुमार ने भाग लिया। मुख्य वक्ता दिवेश सैनी ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के समावेश, विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, सकारात्मक सोच के विकास व विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से मूल्य शिक्षा को कक्षा शिक्षण में प्रभावी ढंग से लागू करने के गुर भी बताए। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।



सजाया जा रहा है श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल

यमुनानगर। उत्तर भारत के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल श्रीकपालमोचन में पांच दिवसीय मेला के आयोजन के लिए तीर्थ स्थल को भव्य रुप से सजाया जा रहा है। तीर्थ स्थल पर 20 नवंबर से 24 नवंबर तक पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में पंजाब व हरियाणा समेत विभिन्न प्रदेशों से लाखों श्रद्धालु पहुंचकर तीर्थस्थल पर स्थित पवित्र तीन सरोवरों में स्नान करेंगे। उक्त जानकारी मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने दी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेला स्थल पर इंतजाम किए जा रहे हैं। इस दौरान मेला स्थल को खूब सजाया जा रहा है। मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि मेला स्थल पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों समेत पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा।



पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना जरूरी

यमुननगर। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन मुकेश गर्ग ने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना बेहद जरुरी है। उन्होंने उक्त शब्द हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा व्यासपुर में सरस्वती नदी के किनारे व अजात आश्रम पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करने के दौरान बतौर मुख्यातिथि कहे। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।

निंदा करने से पुण्य का होता है क्षयः भारती



यमुनानगर। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा व्यासपुर स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की साध्वी रबिया भारती ने साध संगत को मानव जीवन में किसी की निंदा करने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ज्ञान दिया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी रबिया भारती ने फरमाया कि दूसरों के दोष देखना मानव की प्रवृत्ति है। मनुष्य प्रायः दूसरों की त्रुटियों को देखने में इतना व्यस्त हो जाता है कि उसे अपने भीतर झांकने और आत्ममंथन करने का अवसर ही नहीं मिलता। दूसरों की निंदा करना धीरे धीरे हमारी आदत बन जाती है। जो न केवल हमारे विचारों को दूषित करती है। बल्कि हमारे पुण्यों का क्षय करके आध्यात्मिक पतन का कारण बन जाती है। साध्वी रबिया भारती ने साध संगत को समझाया कि निंदा ऐसा दुर्गुण है जो मनुष्य के भीतर ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और नकारात्मकता को जन्म देता है। जब हम किसी दूसरे व्यक्ति की बुराई करते हैं। तब वास्तव में हम अपने ही मन को अशांत और विकारग्रस्त बना रहे होते हैं। दूसरों के दोषों पर चर्चा करने के स्थान पर यदि हम अपने अवगुणों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें।



स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारीः मेयर

यमुनानगर। सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम की ओर से सोमवार को शहर की बैंक कॉलोनी, गोल्डन पुरी व नीलकमल स्कूल के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ मेयर सुमन बहमनी ने स्वयं झाड़ू लगाकर किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह, वार्ड पार्षद मनजीत कौर व रुचि शर्मा भी मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखना केवल नगर निगम की ही जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। शहर की स्वच्छता तभी सुनिश्चित हो सकती है। जब लोग अपने घरों के साथ साथ गलियों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने में भी सक्रिय सहयोग दें। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ आकाश कुमार, निगम सुपरवाइजर संदीप और अमित कुमार तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के सुपरवाइजर अमित चौधरी व दीपक मौजूद रहे।

शिवा त्यागी हत्या मामले में तीन और आरोपी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने शिवा त्यागी की हत्या मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पकड़े गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। मामले में अभी तक नौ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

मामले में जांच कर रहे राजकुमार ने बताया कि शिवा की हत्या मामले में तीन और आरोपी जिला करनाल के चौपड़ी निवासी सचिन, कुरुक्षेत्र निवासी तुषार व मिलन बामनिया को गिरफ्तार किया गया है। उनकी टीम इससे पहले मामले में खेड़ा फार्म निवासी राजकुमार, आशीष, अंकित, सत्यम, लक्ष्य व कनिष्क को गिरफ्तार कर चुकी है। अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी ने बताया कि 3 सितंबर को मेरठ के गांव महादेव निवासी शिवा जगाधरी के सेक्टर 18 की हाउसिंग बोरड़ में चाचा विक्की के पास आया



था। उसके चाचा का दोस्त आशीष भी पड़ोस में रहता है। इस दौरान आशीष का अपनी पत्नी के साथ विवाद हो गया। सात सितंबर को दोनों के बीच सुलह कराने के लिए शिवा व उसका चाचा उनके घर चले गए। इसी दौरान आशीष गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि अगले दिन आशीष ने अपने भाई हिमांशु, कनिका, लक्ष्य व बादल सहित आठ दस लोगों के साथ उन पर डंडो व राड से पीटकर घायल कर दिया। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की है जरूरतः डॉ. रामपाल

यमुनानगर। बदलता मौसम स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे लोगों को सावधान रहने की जरुरत है। उक्त जानकारी रविवार को शहर के कैंप में सोमवार को जनसेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी सतबीर सिंह ने भाग लिया। वहीं, डॉ. रामपाल व अन्य चिक्तिसकों ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में डॉ. रामपाल समेत अन्य चिकित्सकों ने 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्होंने मौसम बदलाव के चलते लोगों को व बच्चों के अभिभावकों को बीमारियों के बचाव के बारे में उपाय बताए। डॉ. रामपाल ने कहा कि सर्दी का मौसम शुरू होते ही बच्चों व बड़ों को नजला, वायरल, बुखार व खांसी आदि बीमारियों की शिकायत होना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि इस बदलते मौसम के दौरान शरीर में रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता काफी कम हो जाती है। विशेष तौर पर टीबी, शुगर व ब्लड प्रेशर के मरीजों को ऐसे में खासतौर पर एहतियात बरतने की जरूरत होती है। वहीं, डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि यदि बदलते मौसम में व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति सचेत न रहे तो उसको काफी दिक्कतों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है । इस दौरान रोगाणुओं से लड़ने की क्षमता काफी कम हो जाती है।

एसपी ने लोगों को किया आगाह, कहा- ऑनलाइन शॉपिंग में डिस्काउंट के लोभ में न आएं

त्योहारों की खुशियों में साइबर ठगों को न बनने दें मेहमानः गोयल

लुभावने ऑनलाइन ऑफर या संदेश पर जल्दबाजी में भरोसा न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



एसपी कमलदीप गोयल

आधिकारिक वेबसाइट से लें नंबर

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों को आहवान किया कि वह सोशल मीडिया पर मिले किसी अनजान नंबर को कस्टमर केयर समझकर संपर्क करने के बजाय संबंधित कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से सहायता नंबर प्राप्त करें। त्योहारों के दौरान संदेशों के साथ आने वाले अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। ऐसे लिंक फर्जी वेबसाइट या नुकसान पहुंचाने वाले ऐप तक ले जा सकते हैं। पुलिस ने किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर रिमोट एक्सेस ऐप डाउनलोड नहीं करने की भी सलाह दी है।

डिजिटल भुगतान में बरतें सावधानी

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों को डिजिटल भुगतान के दौरान देखें, सोचें और फिर भुगतान करने के लिए आहवान किया। उन्होंने कहा कि भुगतान करने से पहले प्राप्तकर्ता का नाम और भुगतान की राशि अच्छी तरह जांच लें। जल्दबाजी में किया गया गलत डिजिटल भुगतान आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि त्योहारों की खुशी में साइबर सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मिनट की सावधानी व्यक्ति की महीनों की कमाई को सुरक्षित रखने में मद्दद कर सकती है। उन्होंने आमजन से साइबर सुरक्षा से संबंधित इस संदेश को परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों और अपने ग्रुपों में साझा करने की अपील की।

त्योहारी सीजन में साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए नए नए तरीके इजाद करने में लगे हैं। जिससे नागरिकों को सावधान रहने की जरुरत है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने त्योहारी सीजन में साइबर ठगों की ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने के लिए आहवान किया है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि त्योहार खुशियां बांटने और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर होते हैं। लेकिन इसी दौरान साइबर ठग भी लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग, आकर्षक डिस्काउंट, गिफ्ट, कैशबैक, टिकट व होटल बुकिंग, फूड डिलीवरी और डिजिटल पेमेंट के नाम पर साइबर अपराधी फर्जी लिंक, वेबसाइट, क्यूआर कोड और फोन कॉल के जरिए ठगी का प्रयास कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन से त्योहारों के दौरान किसी भी ऑनलाइन ऑफर या संदेश पर जल्दबाजी में भरोसा नहीं करने की अपील की।

खबर संक्षेप

आज चलाया जाएगा विशेष स्वच्छता अभियान

कुरुक्षेत्र। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा, स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर मंगलवार को सेक्टर-7 कुरुक्षेत्र स्थित शिव मंदिर में विशेष स्वच्छता अभियान सुबह 7 बजे से लेकर सुबह 9 बजे तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर वे स्वयं मंदिर परिसर में श्रमदान करेंगे और शिव मंदिर परिसर की साफ-सफाई में भाग लेंगे।

साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से रहे सावधान

पिहोवा। त्यौहारों के चलते लोगों तथा ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते है। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।

विद्यार्थियों ने की मां दुर्गा पूजा-अर्चना



कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में नवरात्रि का पावन पर्व को बड़े उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नवरात्रि कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा मां दुर्गा की आरती व पूजा अर्चना के साथ किया गया। पूरे स्कूल परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती सदन की छात्रा वंशिका ने बहुत ही सुंदर ढंग से किया।

मुख्यमंत्री के नाम कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

एचकेआरएन कर्मचारियों ने की 25% वेतन वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। हरियाणा कौशल रोजगार निगम संघ के प्रधान गुरदीप तंवर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल को ज्ञापन देकर सरकार से लंबित वेतन वृद्धि का पत्र जल्द जारी करने की मांग की। संघ प्रधान गुरदीप तंवर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हर साल निगम के कर्मचारियों के वेतन में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाती है, लेकिन अभी तक इस वर्ष की वेतन वृद्धि का पत्र जारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि महंगाई के मौजूदा दौर में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी भी पर्याप्त नहीं है। ऐसे में सरकार को कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए वेतन वृद्धि की दर पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करनी चाहिए, ताकि कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर ढंग से कर सकें। उन्होंने मांग की कि त्योहारों के सीजन को देखते हुए बढ़े हुए वेतन का लाभ जल्द दिया जाए। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, सुखविंदर कादियान, सन्नी सैनी, रामाश्रय शर्मा, मेजर तंवर, संदीप सैनी लाडवा, संदीप खासा, सुखबीर धारीवाल, प्रवीण कश्यप समशीपुर, अजय शर्मा, राजीव सैनी, दिनेश कुमार, गुरुदेव शर्मा, मिंटू गुर्जर, शुभम कल्याण और सुरेश बेदी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। तंवर ने कहा कि कौशल रोजगार निगम का हाजिरी पोर्टल बंद होने के कारण कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को सितंबर माह का वेतन अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने सरकार और निगम के जनरल मैनेजर से पोर्टल जल्द खोलने की मांग की, ताकि हरियाणा में निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों का वेतन जारी हो सके।

जॉब सिक्योरिटी एक्ट में शामिल करने की मांग

संघ ने सरकार से जारी वेतन स्लैब के अनुसार कर्मचारियों का अनुभव जल्द अपडेट करने की मांग भी की। तंवर ने कहा कि 10 से 12 साल से कार्यरत कर्मचारियों के अनुभव को जोड़कर उन्हें नियमानुसार बढ़े हुए वेतन का लाभ दिया जाना चाहिए। इसके अलावा हरियाणा के विश्वविद्यालयों में कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को भी जॉब सिक्योरिटी एक्ट के दायरे में शामिल करने की मांग उठाई गई, ताकि उन्हें भी इस अधिनियम का लाभ मिल सके।

शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में श्री नवदुर्गा शक्ति हवन शुरू

श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ श्री नवदुर्गा शक्ति हवन का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और आहुतियों के बीच आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने मां आदिशक्ति की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और सर्वकल्याण की कामना की। शक्तिपीठ के पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि नवरात्र मां दुर्गा की आराधना, शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व है। श्री नवदुर्गा शक्ति हवन के माध्यम से मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों के प्रति श्रद्धा अर्पित की जा रही है। यह अनुष्ठान नवरात्र के दौरान 18 अक्टूबर, रविवार यानी महासप्तमी तक प्रतिदिन शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा। लगभग एक घंटे तक चलने वाले हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठों का उद्देश्य विलुप्त होती वैदिक और शास्त्रीय परंपराओं का पुनर्जागरण करना भी है। मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मां भद्रकाली को गुड़हल के पुष्प अर्पित किए और दूध से बनी मिठाई का भोग लगाया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंदिर में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए व्रत भंडारे और अन्नपूर्णा भंडारे की व्यवस्था भी की गई। मंदिर के सेवक मंडल की ओर से उनका स्वागत किया गया। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने उन्हें माता की लाल शक्ति चुनरी और पुष्पमाला भेंट कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष डॉ. एमके मौदगिल, सेवा प्रमुख देवेंद्र गर्ग, संयोजक सुनील वर्मा, अनिल अन्नू, रामपाल लाठर, हाकम चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित



कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने जिला स्तर पर 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। यह प्रतियोगिता 'भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा, हरियाणा' द्वारा गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के माधव कक्ष में संपन्न कारवाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार जैन समाजसेवी , मै. मेलीराम यशपाल जैन, कुरुक्षेत्र रहे। उत्साहवर्धन के लिए छात्राओं के साथ आचार्या रश्मि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, अंजलि शर्मा, प्राचार्या सुमन बाला ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

कवयित्री डॉ. नीलम की प्रथम काव्य कृति निर्झरी का विमोचन



कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र की ओर से कवयित्री डॉ. नीलम नरेश पांचाल की प्रथम काव्य कृति निर्झरी का विमोचन किया गया। इस काव्य संग्रह में देशभक्ति, नारी मन, प्रकृति चित्रण, सामाजिक मुद्दों और मुक्तकों के माध्यम से विभिन्न भावों को सहज एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन जय भगवान सिंगला ने किया। समारोह में रोहतक से सूर सम्मान विजेता एवं प्रज्ञा साहित्यिक मंच के अध्यक्ष मधुकांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. बाबूराम ने की। वहीं, एमडीयू रोहतक के लोक प्रशासन विभाग की पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. अंजना गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने काव्य संग्रह निर्झरी की कविताओं, शब्द चयन और भाव अभिव्यक्ति की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुस्तक में देश के प्रति समर्पण, नारी की सामाजिक स्थिति और उसकी परिस्थितियों के साथ-साथ प्रकृति एवं समाज से जुड़े विभिन्न विषयों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है।

महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाज को दिशा देते हैं : अंकित गुप्ता



कुरुक्षेत्र। महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन सेवा, समानता, सहयोग और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उनका विचार था कि समाज की प्रगति तभी संभव है, जब हर व्यक्ति के सुख-दुख में समाज साथ खड़ा हो। आज के समय में भी उनके आदर्श पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को केवल एक दिन याद करने के बजाय उन्हें अपने व्यवहार और सामाजिक जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान है।

48 कोस कुरुक्षेत्र के तीर्थों का समग्र विकास सीएम की प्राथमिकता : रविन्द्र

- तीर्थों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की समीक्षा के लिए निगरानी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद सदस्यों को संबोधित करते 48 कोस तीर्थ विकास निगरानी समिति की बैठक चेयरमैन रविन्द्र सांगवान।

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के कार्यालय में 48 कोस तीर्थ विकास निगरानी समिति की बैठक चेयरमैन रविन्द्र सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 48 कोस कुरुक्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीर्थ स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों की निगरानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर तीर्थों के विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। चेयरमैन रविन्द्र सांगवान ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्राथमिकता है कि 48 कोस कुरुक्षेत्र के सभी तीर्थों का समग्र विकास हो और इस पावन धर्मक्षेत्र को विश्वभर में विशिष्ट पहचान मिले। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तीर्थ स्थलों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं विकास सुनिश्चित करना समिति का संकल्प है। 48 कोस कुरुक्षेत्र का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। बैठक में तीर्थ निगरानी समिति के सदस्य सुशील राणा, रामधारी शर्मा और बीबी मित्तल भी उपस्थित रहे।

थानेसर मंडी में उठान की धीमी रफ्तार को लेकर धरना प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। थानेसर अनाज मंडी में धान के धीमे उठान को लेकर राइस मिलर्स एसोसिएशन और आढ़तियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने धरना देकर रोष जताया। मिलर्स का आरोप है कि सरकारी खरीद शुरू हुए करीब 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन गेट पास और निकासी पास की जटिल प्रक्रिया के कारण धान की निकासी प्रभावित हो रही है। समय पर उठान नहीं होने से राइस मिलर्स को करोड़ों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश चेयरमैन उचैल सिंगला ने कहा कि मंडी से प्रतिदिन 500 से 700 ट्रकों के जरिए धान की निकासी होनी चाहिए, लेकिन अब तक केवल करीब 1100 ट्रकों की ही निकासी हो पाई है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश के कारण खुले में पड़ा धान भीग गया है। यदि समय पर धान का उठान नहीं होगा तो किसानों को उनकी फसल का भुगतान मिलने में भी देरी हो सकती है।

न्यूज डायरी

समाधान शिविर में गहनता सुनीं जाती है समस्याएं

लाडवा। एस.डी.एम. राजेश कुमार सोनी ने कहा कि समाधान शिविर में लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याओं को बड़ी गहनता से सुना जाता है और समस्या के निदान के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। संबंधित



अधिकारी के संज्ञान में लाकर तुरंत समाधान हेतु भेज दिया जाता है। सोमवार को समाधान शिविर में आई शिकायत पर एस.डी.एम. राजेश कुमार सोनी ने गांव छपरा में जाकर स्वयं मौके पर देखा और लाडवा शहर से संबंधित शिकायत पर नगर पालिका के एम.ई. को भेजा गया। एस.डी.एम. राजेश कुमार सोनी सोमवार को उपमंडल अधिकारी कार्यालय में आई शिकायतों को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र से संबंधित कोई समस्या हो, जैसे परिवार की आय ठीक करवाना, किसी का नाम कटवाना या परिवार के किसी सदस्य का नाम जुड़वाना, इसके अलावा जमीन से संबंधित समस्या, बिजली, पानी आदि से जुड़ी कोई भी समस्या हो तो उक्त आवेदन को मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारी को सौंप दिया जाता है।

मुख्यमंत्री के प्रयासों से किसानों को लाभः दत्त

लाडवा। मार्केट कमेटी लाडवा चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और किसान हितैषी नीतियों के कारण प्रदेश के किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो रही है। सरकार ने मंडियों में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की हुई हैं। हरियाणा सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। मार्केट कमेटी लाडवा के चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त ने सोमवार को लाडवा की अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने मंडी में चल रहे धान खरीद और उठान कार्यों का जायजा लिया और किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों से बातचीत की। चेयरमैन ने मंडी का भ्रमण करते हुए सबसे पहले किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों से पूछा कि उन्हें मंडी में फसल लाने, गेट पास कटवाने, नमी चेक करवाने, बोली और तुलाई में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं आ रही।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों सम्मानित

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, संगोहा, करनाल में सोमवार को सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जरनैल सिंह रंगा ने मुख्य तौर पर शिरकत की और विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। समारोह के



दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश चंद्र को आदर्श शिक्षक सम्मान-2026 तथा प्रख्यात समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. रणजीत सिंह फुलिया को शिक्षा रत्न सम्मान-2026 से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संगोहा स्कूल के विद्यार्थियों ने बिना किसी निजी कोचिंग के अपनी मेहनत के बल पर एमबीबीएस, इसरो और भारतीय सेना की अग्निवीर योजना सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन पाकर मिसाल कायम की है।

गीता ज्ञान संस्थानम में रामायण मंचन 13 से

कुरुक्षेत्र। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य एवं अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के तत्वावधान में संपूर्ण रामायण का आयोजन 13 से 15 अक्तूबर तक गीता ज्ञान संस्थानम में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जीओ गीता के दिल्ली प्रदेश संयोजक डा. वेद प्रकाश टंडन ने बताया कि 13 से 15 अक्तूबर तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि साढ़े 9 बजे तक गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित होने वाली संपूर्ण रामायण में दिल्ली एनसीआर. के स्कूल व गुरुकुल के छात्रों द्वारा भव्य मंचन किया जाएगा। गीता ज्ञान संस्थानम के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि आयोजन को लेकर तमाम तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



मुख्य अतिथि मोहित मलिक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

ऑल ओपन नेशनल कबड्डी के सेमीफाइनल में पहुंचीं चार टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऑल ओपन नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में सोमवार को पुरुष वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में टीमों की अधिक संख्या और रविवार को हुई बारिश के कारण स्थगित मुकाबले भी सोमवार को करवाए गए। दमदार प्रदर्शन के दम पर लाखन माजरा, रेलवे, करसिंधु खेड़ा और नेवी की टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। मुकाबलों के दौरान टीमों ने सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगाया। विभिन्न टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबलों के बाद चार टीमों ने अगले दौर में प्रवेश किया।



खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था की सराहना

कार्यक्रम में जनता ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं बॉयलर ब्रिडर्स एसोसिएशन नॉर्थ के प्रेसिडेंट मोहित मलिक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। वहीं हिमालय बिल्डिंग फॉर्म के एमडी मोनू पुनिया और पानीपत सब्जी मंडी के प्रधान रमेश मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान खिलाड़ियों और अतिथियों ने अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में ठहरने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद और कार्यकारिणी के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। डॉ. श्योकंद ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है। खेल एवं शिक्षा के माध्यम से 36 बिरादरी के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच और अवसर उपलब्ध करवाना भी संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है।

दयानंद महिला कॉजेज में वित्तीय जागरूकता कार्यशाला में 405 छात्राओं ने लिया भाग



कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक शाखा थानेसर के सहयोग से अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य परिषद की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वित्तीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. उपासना आहूजा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की 405 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं, बचत और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्या डॉ. उपासना आहूजा ने पीएनबी के मुख्य प्रबंधक मलकीत सिंह एवं उनकी टीम का पौधा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता आर्थिक आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण आधार है। छात्राओं को बचत, निवेश, डिजिटल बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक रहने पर भी जोर दिया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य प्रबंधक मलकीत सिंह ने बैंक खाते की उपयोगिता, शून्य-बैलेंस खातों, स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधाओं और छोटी बचत के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को वित्तीय अनुशासन अपनाने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बचत करने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में सुश्री नीलम पांचाल ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम | धूमधाम से मनाई जयंती, कवि सम्मेलन में बही काव्य रसधारा

महाराजा अग्रसेन चौक पर हुई महाआरती व आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। महाआरती के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अशोक अरोड़ा व अन्य।

श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती का पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। चार दिन तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन चौक पर महाआरती एवं भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक अशोक अरोड़ा एवं समाजसेवी संजय सिंगला मौजूद रहे। महाआरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भव्य आतिशबाजी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके पश्चात अग्रसेन पब्लिक स्कूल में भव्य कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, स्काईट के चेयरमैन संजय बंसल, सत्यनारायण सिंगला, अशोक गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कवियों ने अपनी रचनाओं से किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष नितिन गोयल रहे, जबकि अध्यक्षता श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने की। कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि डा. दिनेश रघुवंशी, डा. प्रवीण शुक्ल, पद्मिनी शर्मा, मुन्ना बैटरी एवं चेतन चर्चिज सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की ओजपूर्ण, हास्यपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, महंत श्री बंसी पुरी, ईश्वर सिंह, तुषार सैनी, रोहित गर्ग, धर्मवीर मिजार्पुर, धुम्मन सिंह किरमिच, रमेश सैनी, राधेश्याम गर्ग, अर्जुन गर्ग, खरैती लाल सिंगला, शिवम एमसी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। श्री वैश्य पंचायत की ओर से जितेंद्र गोयल (उप प्रधान), नवकेतन गोयल (महासचिव), विशेष गर्ग, अभय मित्तल, राजीव गर्ग, जयपाल गोयल, कुलवंत गर्ग, गौरव मित्तल, गौरव तायल, डा. अनीश सिंगला, मास्टर सतपाल सहित अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। सायं कालीन कार्यक्रम में साया प्रधान नवीन बंसल, हिमांशु बंसल, पीयूष गोयल, नवीन सिंगला, योगेश गर्ग, हरिओम अग्रवाल, कपिल मित्तल सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं नागरिक भी मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने नारी शक्ति पर प्रेरणादायक संदेश दिया।

महाराजा अग्रसेन के आदर्श प्रेरणास्रोत

श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए ऐसे लोगों का योगदान महत्वपूर्ण है, जो सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श समानता, सहयोग, सेवा और परोपकार की भावना आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, कवियों, कलाकारों, समाज के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं

नारायणगढ़। उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में शहजादपुर के नायब तहसीलदार अमित वर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय सत्यापन, जन्मतिथि में सुधार, परिवार के मुखिया का नाम बदलने, बीपीएल राशन कार्ड बनवाने तथा राशन कार्ड कटने जैसी समस्याएं सामने आईं। शिविर में गांव शाहपुर की पूनम देवी व मोहित तथा गांव पंजलासा की रिंकेश ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने और बीपीएल राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया।

कल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

शहजादपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 14 को प्रातः 10 बजे गांव बधौली के सामुदायिक भवन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। 15 अक्तूबर को सुबह 10 बजे गांव पतरेहड़ी की प्रजापति धर्मशाला में सेवा सेतु शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 16 अक्तूबर को गांव जटवाड़ के ग्राम सचिवालय में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि सेवा सेतु शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में आमजन को विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को कोलाज मेकिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.सुभाष कुमार, प्रो. शिविका राठी, इंदु धीमन द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं नवीन विचारों का प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आनिया बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम, सुमित बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा निखिल बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अवैध रूप से वाहन ट्रांसफर करने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। लोनशुदा ट्रैक्टर की हाइपोथेकेशन फर्जी तरीके से हटवाने, वाहन को अवैध रूप से दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर करवाने के मामले की जांच एंटी एक्सटोर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में एएसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी जाखौली अड्डा कैथल निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अशोक भी उक्त गिरोह में शामिल था जो फर्जी एनओसी प्रिंट करवाता था। आरोपी का अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स के लिए 60.16 करोड़ रुपये मंजूर, ब्राह्मण माजरा में 21 एकड़ पर होगा निर्माण, मंत्री विज बोले- हजारों पशुओं को रखने की सुविधा होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी विधानसभा के गांव ब्राह्मण माजरा में आधुनिक इंटीग्रेटिड डेयरी कांपलेक्स निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 60.16 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट फंड स्कीम के तहत लोन के तौर पर यह राशि स्वीकृत हुई है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने बताया कि राशि स्वीकृत होने पर अब जल्द डेयरी कांप्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ कराने के लिए नगर परिषद अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से ब्राह्मण माजरा की लगभग 21 एकड़ जमीन की खरीद आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स निर्माण के लिए पहले ही नगर परिषद द्वारा की जा चुकी है। यहां छावनी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बसी डेयरियों को एक ही स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही डेयरी कांप्लेक्स में पशुओं के लिए कई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इंटीग्रेटेड डेयरी कांप्लेक्स में वेटरनरी अस्पताल से लेकर अन्य सुविधाएं मिलेगी जिससे पशु मालिकों को आपात समय में आने-जाने की दिक्कत नहीं होगी।

अलग-अलग स्थानों पर बसी डेरी एक स्थान पर शिफ्ट होगी

टांगरी नदी पर बनेगा नया पुल



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि पशुपालकों को ब्राह्मण माजरा डेयरी कांप्लेक्स आने-जाने के लिए बेहतर रोड कनेक्टिविटी मिले इसके लिए टांगरी नदी पर नया पुल भी बनेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुल बनाया जा रहा था, मगर ठेकेदार के काम छोड़ने की वजह से अब दोबारा इसके टेंडर किए जा रहे है। जल्द यहां नया पुल बनकर तैयार होगा जोकि टांगरी बांध रोड से कनेक्टेडेट होगा।



अंबाला। आधुनिक डेयरी कांप्लेक्स का नक्शा।

पशुओं के लिए बनेगा तालाब

डेयरी कांप्लेक्स में पशुओं के लिए तालाब का भी प्रावधान है ताकि पशुओं की साफ-सफाई की जा सके। अलग से एक स्थान पर तालाब बनेगा जिसमें पानी छोड़ा जाएगा। इससे पशुओं को नहलाने व साफ-सफाई करने में पशु मालिकों आसानी होगी। पशुओं की फीड व अन्य सामान रखने के लिए कांप्लेक्स में अलग से ड्राई फीड स्टोर बनेगा। फीड से संबंधी सामग्री एवं अन्य सामान यहां रखा जाएगा। कांप्लेक्स में बिजली एवं पानी की पर्याप्त सुविधा होगी। सब स्टेशन होगा, इसके अलावा आधुनिक एलईडी लाइट्स का भी प्रावधान किया जाएगा जिससे रात्रि में क्षेत्र दुधिया रोशनी से जगमग होगा। यहां सुंदर पार्क होगा, साथ ही ग्रीन कॉरिडोर बनेगा जहां पशु हरी घास खा सकेंगे। उन्हें आसानी होगी। पार्क में पेड़-पौधे लगाने के अलावा बैठने के लिए बैंच एवं अन्य कई प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

पशुओं को रखने के लिए 200 प्लाट

डेयरी कांप्लेक्स में हजारों पशुओं को रखने की क्षमता होगी। यहां अलग-अलग आकार के लगभग 200 प्लाट बनेंगे, ज्यादा पशु मालिकों को बड़े प्लाट दिए जाएंगे जबकि कम पशु मालिकों के लिए छोटे आकार के प्लाट होंगे। पशुओं को मौके पर ही निशुल्क ईलाज सुविधा मिल सके इसके लिए डेयरी काम्पलेक्स में वेटेनरी अस्पताल की सुविधा होगी। यहां पर डॉक्टरों व स्टाफ की टीम को चौबीस घंटे तैनात किया जाएगा ताकि जरुरत पड़ने पर पशुओं को मौके पर ही उपचार मिल सके। पशु पालकों को अपने पशुओं को अविलंब ईलाज मिल सकेगा। पशुओं के चारे के लिए भी पशु मालिकों को कहीं बाहर नहीं जाना होगा। कांप्लेक्स में उन्हें चारे की सुविधा मिले ऐसा प्रावधान किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में चारा रखने एवं उसके भंडारण के लिए अलग स्थान होगा।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे

महाराजा अग्रसेन जयंती पर सेवा और भाईचारे का संदेश, मेधावी सम्मानित



अंबाला। कैबिनेट मंत्री अनिल विज को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन का एक रुपया, एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक और सामूहिक सहयोग का अनूठा उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़





नारायणगढ़। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा को नमन करते कैबिनेट मंत्री व समारोह में मौजूद लोग। फोटो: हरिभूमि

समाजवाद के अग्रदूत महाराजा अग्रसेन की जयंती महाराजा अग्रसेन भवनमें श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा पंचकूला के उद्योगपति संजय रूंगटा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत तथा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नमन करने के साथ हुआ।

इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल को फूलों का गुलदस्ता देकर एसडीएम शिवजीत भारती ने उनका स्वागत किया। समारोह में गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता, व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राकेश बिंदल, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष भूषण अग्रवाल तथा नगरपालिका की वाइस चेयरमैन आईना गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समानता, सेवा, सहयोग और आपसी भाईचारे की प्रेरणा देता है। उनका 'एक रुपया, एक ईंट' का सिद्धांत सामाजिक सहभागिता और सामूहिक सहयोग का अनूठा उदाहरण है। यह संदेश देता है कि समाज की उन्नति में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सभा के उपप्रधान अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, संरक्षक संजीव अग्रवाल, बलजिंद्र गुप्ता, सुरेश गोयल, अजय गर्ग, लवकेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, भूपिंद्र अग्रवाल, डॉ. विशाल, जय प्रकाश, श्याम लाल अग्रवाल, श्याम लाल कंसल, वासु एडवोकेट, डॉ. विश्वबंधु, डॉ. राजेंद्र तायल, एडवोकेट संजय अग्रवाल, मोहित गुप्ता, देशबंधु जिंदल, नरेंद्र गुप्ता, सुशील अग्रवाल, डॉ. सुशील सिंघल, धर्मेंद्र गुप्ता, नप सदस्य प्रदीप गोयल, मनीष अग्रवाल, मोहन बंसल भी मौजूद रहे।

सद्भाव का रास्ता दिखाया

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवन और विचारों से समाज को परस्पर सहयोग, समानता और सद्भाव का रास्ता दिखाया। उनका जीवन इस बात की प्रेरणा देता है कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान मिले और सभी लोग एक-दूसरे की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी प्राचीन सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहना चाहिए।

पात्र लोगों को मिल रहा लाभ

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अग्रोहा धाम में पुरातात्विक खुदाई को आगे बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

अच्छे शासक-समाज शास्त्री और बेहतरीन अर्थशास्त्री थे महाराजा अग्रसेन : अनिल

- मंत्री विज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत को अपनाकर ही भाजपा देश का विकास कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयंती का दिन केवल मनाने का नहीं बल्कि उनके सिद्धांतों को अपनाने का दिन है। सारा समाज उनके सिद्धांत अपनाए, जहां भी कोई भी, किसी भी पार्टी की सरकार हो, वो महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को पढ़कर सरकारें चलाएं जिससे हमारा देश सूर्य की तरह चमक जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भी महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-कल्याणकारी योजनाओं से आम जनजीवन का परिदृश्य बदला है। विज अंबाला छावनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य पर रात्रि अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित भजन संध्या में लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज ने समाज सेवी प्रकल्पों के लिए अग्रवाल सभा को अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती का दिन बहुत पवित्र दिन है।

शुभकामनाएं दी

महाराजा अग्रसेन जयंती व पवित्र नवरात्र है जिसकी वह सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन ने जो संदेश इस संसार को दिया उसके आधार पर ही अब सभी जगह पर सरकारें बनाई जाती है जिन्हें सोशल वेलफेयर सरकारें कहा जाता है। यह सिद्धांत हजारों साल पहले महाराजा अग्रसेन ने स्थापित किया था। वो अच्छे शासक भी थे, समाज शास्त्री और अच्छे अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने जो सिद्धांत बनाए कि "हमारी नगरी में जो आएगा उसे एक ईंट और एक रुपया देंगे। ईंट अपना आशियाना बनाने और रुपया कारोबार स्थापित करने के लिए। विज ने कहा कि जितने सोशलिज्म पर जितने शास्त्र लिखे जाते हैं उन शास्त्रों की आत्मा में महाराजा अग्रसेन का दिया ज्ञान है। रास्ता बताया और उन्होंने यह भी कहा कि अपने व्यापार को पूरी तरह पारदर्शी तरीके से करना चाहिए और आय का कुछ हिस्सा समाज कल्याण के लिए निकालना चाहिए।

केवट की भक्ति से वातावरण भक्तिमय

- राजा दशरथ के प्राण त्यागने तक के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा



लाडवा। रामलीला में भगवान श्रीराम को वनवास में जाने से रोकते अयोध्यावासी।

श्रीराम हनुमान रामलीला समिति लाडवा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में केवट प्रसंग एवं दशरथ मरण के दृश्यों का भावपूर्ण मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनगमन से लेकर केवट द्वारा प्रभु के चरण धोकर उन्हें गंगा पार कराने तथा राम-वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने तक के दृश्यों ने दर्शकों को भावुक कर दिया। केवट की निस्वार्थ भक्ति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं दशरथ मरण के मार्मिक दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। गम रात्रि की रामलीला का शुभारंभ जय ज्वाला जी सेवा मंडल के प्रधान अंकित गर्ग तथा अखिल गर्ग ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की आरती करके किया। इस अवसर पर समिति की ओर से अतिथियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अंकित गर्ग ने कहा कि केवट द्वारा प्रभु श्रीराम को गंगा पार कराना और बदले में प्रभु से भवसागर पार करने का आशीर्वाद प्राप्त करना केवल रामलीला का एक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणा है।

राष्ट्र पुनर्निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका: प्रो. शर्मा

- केयू सीनेट हॉल में शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूआईईटी संस्थान एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, हरियाणा के सहयोग से केयू सीनेट हॉल में रविवार को शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्र पुनर्निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र पुनर्निर्माण केवल आर्थिक एवं भौतिक विकास की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, कर्तव्यबोध और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जुड़ी व्यापक प्रक्रिया है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सत्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक वंदे मातरम गायन के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में हरियाणा के 22 जिलों से लगभग 120 शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन केवल परीक्षा परिणामों से नहीं किया जा सकता।

डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनाने का आह्वान

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान श्रमदान कर के किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया यह 483वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण सुधार में सभी ने सहयोग करना चाहिए। देश का जो परिवार झुग्गी झोपड़ी में रहता है वह भी अपने घर में हर रोज झाड़ू लगता है। स्वच्छता चाहता है। पर वह आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा डस्टबिन में नहीं डालता है लेकिन स्वच्छता तब रहेगी, जब हर आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा अपने डस्टबिन में डाल कर रखेगा। डस्टबिन का प्रयोग ही स्वच्छता का मूल मंत्र है। इसलिए हर आदमी ने स्वच्छता की इस मुहिम में अपना योगदान देना चाहिए और डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में अहम योगदान करती है। इस मौके पर अजमेर सिंह चौहान, बलबीर सिंह श्योकंद, डा. राजेंद्र सिंह, सूरजभान सिहाग, बलवीर सिंह, बलजीत सिंह रेढू, अजीत सिंह, सुरेश कुमार, पवन मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

शिविर भाजपा की ओर से न्यू प्रीत नगर में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

मेडिकल चिकित्सा शिविर में 502 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। शिविर में चिकित्सकों से लोगों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेती नप अध्यक्ष।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनकी 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नजदीक न्यू प्रीत नगर टांगरी बांध रोड में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्र के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों के लगभग 502 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच सहित विभिन्न निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर नगर परिषद् की अध्यक्षा स्वर्ण कौर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान नगर परिषद् अध्यक्षा ने डॉक्टरों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और कैंप में पहुंचे लोगों से बातचीत करते हुए यहां पर शिविर के माध्यम से जो सेवाएं दी जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। स्वर्ण कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनकी 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित सेवा संकल्प अभियान के तहत देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में यहां पर निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन और जरूरतमंद लोगों को घर-द्वार के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलता है। मौके पर नगर परिषद् के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, बिजली बोर्ड निदेशक आरती सहगल, मंडल अध्यक्ष हर्ष बिंद्रा, मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास बहगल, बिजेंद्र चौहान, रेनू चौहान, कृष्ण गोपाल शर्मा, महासचिव बलेश कुमार, सचिव उमेश व्यास, उपप्रधान प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष नरेश मुदगिल, विशाल टांगरी, दीपक भसीन, नरेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

समय-समय पर जांच करवाने के लिए प्रेरित किया

कैंप के दौरान डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें निशुल्क मेडिकल टेस्ट और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करवाई। इसके साथ ही लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कैंप में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने पहुंचे लोगों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल कैंप जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।